# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 28.04.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 28.04.2025

**जियो टैगिंग से अवैध निर्माण में नहीं कर पाएंगे छेड़छाड़**

**वाराणसी।** शहर में हो रहे अवैध निर्माणों पर नकेल कसने के लिए वीडीए तकनीकी का सहारा लेगा। मैपिंग और जियो टैगिंग के जरिये अवैध निर्माण चिह्नित होंगे। इसके रिकॉर्ड कंप्यूटर में फीड होंगे। अवैध निर्माणों में किसी भी प्रकार से छेड़छाड़ लोग नहीं कर सकेंगे। इस कार्य में वीडीए ने किराये पर सैटेलाइट के जरिये मैपिंग शुरू कराई है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार के आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की ओर से डिजिटल सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है। जो अनधिकृत निर्माण की निगरानी और नियंत्रण के लिए अत्यंत प्रभावी होगा। *ब्यूरो*

**अस्थायी बिजली कनेक्शन लेने वालों पर वीडीए की नजर**

**वाराणसी।** शहर के अस्थायी बिजली कनेक्शन धारकों पर वीडीए की नजर है। दरअसल कई लोग बगैर वीडीए से ले आउट स्वीकृत कराए अस्थायी बिजली कनेक्शन लेकर निर्माण कार्य करा रहे हैं। इस पर वीडीए ने बिजली विभाग से अस्थायी कनेक्शन लेने वालों की सूची मांगी है। इसके आधार पर वीडीए यह जांच करेगी कि यहां अस्थायी कनेक्शन लेने वाले भवन का व्यवसायिक निर्माण तो नहीं करा रहे हैं। पिछले दिनों वीडीए की समीक्षा में पता चला कि कई लोग बगैर वीडीए से मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण करा रहे हैं। जब उनसे भवन से संबंधित कागजात मांगे गए तो उन्होंने बिजली कनेक्शन के कागज दिखाए। *ब्यूरो*

### अमर उजाला–दि0 28.04.2025

**ई-ऑफिस से हो रहे हैं वीडीए के काम**

**वाराणसी।** वीडीए में ई-ऑफिस क्रियान्वयन के जरिये काम किए जा रहे हैं। सभी पत्रावलियों का डिजिटल रखरखाव हो रहा है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान के तहत सुशासन को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम के जरिये फाइलों की स्थिति की रियल-टाइम निगरानी संभव हो रही है। ई-ऑफिस प्रणाली के तहत वीडीए ने 1881 फाइलें ई फाइलें क्रियेट की हैं। 14346 फाइलों को मूव किया है। 3351 फाइलें ई मेल से प्राप्त हुई हैं। 31705 फाइलों को प्रस्तावित किया गया है। *ब्यूरो*